# वार्षिक प्रतिवेदन
# ANNUAL REPORT
# 2019-20

## ओड़िशा केन्द्रीय विश्वविद्यालय, कोरापुट
(संसद के एक अधिनियम द्वारा स्थापित एक केंद्रीय विश्वविद्यालय)

## CENTRAL UNIVERSITY OF ODISHA, KORAPUT
(A Central University established by an Act of the Parliament)

*CUO campus at Sunabeda, Koraput*



**महामहिम श्री राम नाथ कोविंद**

भारत के माननीय राष्ट्रपति

**His Excellency Shri Ram Nath Kovind**

Hon'ble President of India

**परिदर्शक**

ओडिशा केंद्रीय विश्वविद्यालय, कोरापुट

**VISITOR**

Central University of Odisha, Koraput

**प्रो. पी.वी. कृष्णाभट्ट**

कुलाधिपति

**Prof. P.V. Krishna Bhatta**

CHANCELLOR

**प्रो. आई. रामाब्रह्मम**

कुलपति

**Prof. I. Ramabrahmam**

VICE-CHANCELLOR

# अनुक्रम


| क्रमांक | विषय | पृष्ठ सं. |
|---|---|---|
| 1 | प्रस्तावना | i) |
| 2 | कुलपति की ओर से | ii) |
| 3 | एक नजर सीयूओ पर | 1 |
| 4 | विश्वविद्यालय के विद्यापीठों एवं विभागों की गतिविधियाँ | 15 |
| 5 | संकाय सदस्यों की शैक्षणिक गतिविधियाँ | 33 |
| 6 | अनुसंधान गतिविधियाँ | 48 |
| 7 | छात्र नामांकन | 50 |
| 8 | अवसंरचनात्मक सुविधाएँ | 55 |
| 9 | भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय पहल : सीयूओ का पर्यवेक्षण | 59 |
| 10 | विश्वविद्यालय के कार्यक्रम | 62 |
| 11 | विधिक तथा गैर विधिक समितियाँ | 66 |
| 12 | कोविड-19 के रोकथाम के उपाय | 70 |
| 13 | परिसर पर दृष्टि | 71 |
| 14 | समाचारपत्रों में सीयूओ | 73 |

वार्षिक प्रतिवेदन
2019 -20

**सलाहकार**

प्रो. आई .रामब्रह्मम
कुलपति

**संपादकीय समिति**

**अध्यक्ष**

प्रो. असित कुमार दास
अधिष्ठाता

**संयोजक**

डॉ. प्रदोष कुमार रथ
सहा. प्रोफेसर और
विभाग प्रभारी, डीजेएमसी

**समन्वय**

डॉ. फगुनाथ भोई
जनसंपर्क अधिकारी

**सदस्य**

प्रो. पी. दुर्गाप्रसाद
अतिथि प्राध्यापक,
समाजशास्त्र

श्री संजीत कुमार दास
सहा. प्रोफेसर और
विभाग प्रभारी, डीईएलएल

श्री मानस दास
सहा. सहायक अधिष्ठाता
एफ एंड ए

# प्रस्तावना

ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय की समय रेखा में एक और वर्ष बीत चुका है और वर्ष 2019-20 की वार्षिक रिपोर्ट संदर्भ के लिए तैयार है। ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना वर्ष 2009 में ओड़िशा के कोरापुट घाटी के सुंदर परिवेश में संसद के एक अधिनियम द्वारा हुई थी। इसकी स्थापना के बाद से विश्वविद्यालय ने गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने और सामूदायिक कल्याण तथा सामाजिक जिम्मेदारी को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण प्रगति की। राज्य के जनजातीय बहुल क्षेत्र में उच्च शिक्षा के साथ-साथ देश के ज्ञान केंद्र के रूप में खुद को तैयार करने के अलावा विश्वविद्यालय सामूदायिक सेवा के लिए अपने आसपास के पाँच गाँवों को गोद लेकर अपना एक विशिष्ट स्थान बनाकर अपनी दृष्टि की क्षेत्र और राष्ट्र के लिए केंद्रीकता का औचित्य सिद्ध करता है।

विश्वविद्यालय में आधारभूत विज्ञान, जाव-विज्ञान, समाज विज्ञान, व्यवाय प्रबंधन और मानविकी के क्षेत्रांतर्गत स्नातक, स्नातकोत्तर, एम.फिल और पी-एच.डी के कार्य चल रहे हैं। कई वर्षों से ,ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय के छात्र अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण हो रहे हैं औरअच्छे पदों पर कार्यस्त और राष्ट्र निर्माण में सफलतापूर्वक योग्य सिद्ध हुए हैं।

दिसंबर 2019 में नए कुलपति प्रो. आई. रामब्रह्मम के पदभार ग्रहण करने के कारण वर्ष 2019 बहुत ही विशिष्ट रहा। विश्वविद्यालय दूरदर्शी कुलपति के गतिशील नेतृत्व में दृढ़ संकल्प और समर्पण के साथ आगे बढ़ रहा है। उनके पदभार ग्रहण करने के बाद से, विश्वविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ाने के लिए कई शैक्षणिक व्याख्यान और संवाद आयोजित हुए। उनकी पहल से, विश्वविद्यालय में विभिन्न क्षेत्रों के प्रख्यात व्यक्तियों नेअतिथि प्राध्यापक के रूप में पदभार सँभाला।

इस अवधि के दौरान विश्वविद्यालय की प्रशासनिक भाग को सुनाबेड़ा परिसर में स्थानांतरित कर दिया गया, जो विश्वविद्यालय का मुख्य परिसर है। अधिक छात्रों की उपस्थिति के कारण और परिसर में छात्रावासों की उपस्थिति के कारण , विश्वविद्यालय ने प्रशासन को अपने लैंडिगुडा परिसर से सुनबेडा परिसर में स्थानांतरित करना आवश्यक समझा।

विश्वविद्यालय ने ओडिशा और आसपास के राज्यों पश्चिम बंगाल , छत्तीसगढ़ और आंध्र प्रदेश के महत्वपूर्ण स्थानों में फैले 12 केंद्रों में प्रवेश परीक्षा आयोजित की। समर्थन सुविधाओं के रूप में विश्वविद्यालय छात्रों के लिए सुसज्जित छात्रावास एवं गैर छात्रावासी छात्रों के लिए विश्वविद्यालय से शहर और शहर से विश्वविद्यालय तक की सुविधा प्रदान करता है। विशाल विश्वविद्यालय परिसर अत्याधुनिक स्मार्ट क्लास रूम, डिजिटल लाइब्रेरी, इंटरनेट सुविधा के साथ कंप्यूटर लैब और 30 ,000 से अधिक शीर्षकों और प्रतिष्ठित पत्रिकाओं, समाचार पत्रों और पत्रिकाओं के साथ एक केंद्रीय पुस्तकालय से सुसज्जित है। परिसर में एक आरामदायक कैंटीन छात्रों और कर्मचारियों की खाद्य सामग्री की जरूरतों का ख्याल रखती है। अंतिम सत्र के छात्रों को प्लेसमेंट सहायता प्रदान की गई है , जिसके कारण उन्हें देश के विभिन्न कार्पोरेट क्षेत्रों में अच्छी नियुक्तियाँ मिली। सत्र व्यवस्था लागू है और स्वेच्छा चयन पद्धति विकसित किया जा रहा है। एक सुंदर वास्तुकला निर्मित अतिथि भवन पहले ही बन चुका है। विश्वविद्यालय द्वारा पोषित एक सुंदर उद्यान परिसर की शोभा बढ़ा रहा है।

इसके अलावा, विश्वविद्यालय ने एनआईआरएफरैंकिंग प्रक्रिया में भी भाग लिया है इस अवधि के दौरान छात्रों ने राज्य के बाहर आयोजित अंतर्विश्वविद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लिया। एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत , महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विश्व विद्यालय के छात्रों के एक दल , वर्धा ने एक सप्ताह के लिए विश्वविद्यालय का दौरा किया और महाराष्ट्र और ओडिशा के बीच सांस्कृतिक समन्वय में सक्रिय रूप से शामिल हुए। आगे बहुत सारे अतिथि प्राध्यापकों ने विश्वविद्यालय का दौरा किया, जिन्होंने संगोष्ठी व्याख्यान के वितरण के साथ विश्वविद्यालय की गुणवत्ता को बढ़ाया।

वर्ष 2019-20 के दौरान वार्षिक प्रतिवेदन, शैक्षिक उत्कृष्टता, छात्र केंद्रित समर्थन प्रणाली, ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय के समग्र दृष्टिकोण को प्रस्तुत करती है। यह अपने संकाय सदस्यों की उपलब्धि पर प्रकाश डालता है जो हमेशा ज्ञान और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ाने के लिए योगदान करते हैं। विश्वविद्यालय दूरदर्शी कुलपति के गतिशील नेतृत्व में दृढ़ संकल्प और समर्पण के साथ एक आशाजनक भविष्य की ओर अग्रसर है। जिनका समग्र पर्यवेक्षण, मार्गदर्शन और सलाह ने वार्षिक प्रतिवेदन समिति को समय में प्रतिवेदन संकलित करने में मदद की है।

हम इस वार्षिक प्रतिवेदन में संकलित जानकारी और डेटा प्रदान करने के लिए संकाय, विभागध्यक्षों और प्रशासनिक प्रमुखों का भी धन्यवाद देते हैं। हम वार्षिक प्रतिवेदन समिति के सदस्यों का आभार व्यक्त करते हैं, जिन्होंने इस वार्षिक प्रतिवेदन को वर्तमान रूप में आकार देने के लिए अथक प्रयास किया है।

वार्षिक प्रतिवेदन समिति

# कुलपति की ओर से

सन् 2009 में स्थापित केन्द्रीय विश्वविद्यालय ओड़िशा ने अपने अस्तित्व के 10 सफल और सार्थक वर्ष पूर्ण कर लिये हैं। व्यापक वैश्विक दृष्टि के साथ स्थानीय ज्ञान का आधार पोषित करने वाले ज्ञान समृद्ध समाज विकसित कर सकने वाले मानव संसाधन के निर्माण के उद्देश्य में केन्द्रीय विश्वविद्यालय, ओड़िशा अपेक्षाओं पर खरा उतरा है ।

विगत् एक वर्ष में हमने अनेक उल्लखेनीय उपलब्धियाँ प्राप्त की हैं – पड़ोसी राज्यों सहित 12 केन्द्रों पर सफल प्रवेश परीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन विश्वविद्यालय के 11वें निर्माण दिवस का व्याख्यान, अकादमिक विभागों द्वारा आयोजित संगोष्ठियों की श्रृंखला। इस वर्ष भी उल्लेखनीय घटनाओं में विश्वविद्यालय के प्रशासन का लैंडीगुड़ा के मुख्य परिसर में स्थानान्तरण, दीर्घकालीन क्षेत्रीय माँग की पूर्ति के रूप में भारत सरकार द्वारा 'केन्द्रीय विश्वविद्यालय उड़ीसा ' के नाम में 'ओड़िशा केन्द्रीय विश्वविद्यालय ', का परिवर्तन और सम्मानीय कुलाधिपति प्रो. पी.वी. कृष्ण भट्ट का विश्वविद्यालय का दो दिवसीय दौरा सम्मिलित हैं ।

2019-2020 का अकादमिक सत्र कई आधारों से घटनापूर्ण रहा है । अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का मनाया जाना, संविधान दिवस, विश्व हिन्दी दिवस, मातृभाषा दिवस और सतर्कता जागरूकता सप्ताह, स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन प्रमुख घटनाएँ रहीं। इस अवधि में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की राजभाषा समिति ने विश्वविद्यालय का दौरा किया और कार्यालयीन व्यवहार में हिन्दी के प्रयोग के बारे में शिक्षकों और छात्रों से विस्तृत चर्चा की।

इस वर्ष बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय द्वारा संगोष्ठियों , विशेष व्याख्यानों और कार्यशालाओं का आयोजन हुआ। उनमें उल्लेखनीय है- 'जल संरक्षण तथ जल प्रबन्धन 'पर संगोष्ठी, कोरापुट विकास तथा सीयूओ, गांधीवाद, मार्क्सवाद तथा अम्बेडकरवाद पर विशेष व्याख्यान, स्मार्ट कृषि के लिए टैपिंग फाइटोकेमिकल्स, शोध विषय का चयन और उसकी प्रासंगिकता प्रासंगिकता। इसके अलावा 'कार्यालय प्रबन्धन और दक्षता विकास ', 'फाइन ट्यूनिंग रिसर्च प्लानिंग ' और 'सस्टेनेबिल डेवलेपमेंट एण्ड पब्लिक पॉलिसी, रीसेंट ट्रेंड्स पर कार्यशाला तथा एमओओसीएस और इनफ्लाइब्नेट सर्विसिजे टु सेंट्रल यूनिवर्सिटीज ' पर जागरूकता कुछ कार्यक्रम है जिससे विश्वविद्यालय परिसर में शैक्षिक वातावरण निर्मित हुआ। विश्वविद्यालय ने एनआईआरएफके श्रेणीकरण कार्यक्रम में भी भाग लिया।

छात्रों ने बहुत उत्साह से वार्षिक सांस्कृतिक दिवस, में भाग लिया और राज्य के बाहर अन्तर्राष्ट्रीय खेल कूद प्रतियोगिताओं में भाग लिया। छात्रों की विश्वविद्यालय मंचों और बाहर विभिन्न प्रतियोगिताओं में सहभागिता और अन्तः प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय शोध संगोष्ठियों में छात्रों की सहभागिता से भावी छात्रों की दृष्टि ही विकसित नहीं होगी बल्कि वे उनके लिए अनुकरणीय भी सिद्ध होंगे।

मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अग्रणी कार्यक्रम 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के अन्तर्गत केन्द्रीय विश्वविद्यालय ओड़िशा और अन्तर्राष्ट्रीय महात्मा गांधी हिन्दी विश्वविद्यालय वर्धा के बीच में एक सप्ताह का छात्रों को परस्पर आवागमन कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसे महाराष्ट्र और ओड़िशा की संस्कृतियों को निकट आने का अवसर ही नहीं मिला, बल्कि दोनों संस्कृतियों के बीच समन्वय का बोध भी उत्पन्न हुआ।

अध्ययन को बढ़ावा देने के लिए जहाँ अतिथि संकाय की बड़ी संख्या में नियुक्ति हुई वहीं गुणवत्ता के शिक्षण में वृद्धि के लिए काफी संख्या में विख्यात विजिटिंग प्राध्यापक विश्वविद्यालय में नियुक्त हुए। आने वाले शिक्षण सत्र में MOOCS पाठ्यक्रम लागू करने का निर्बाय और छात्रों की विविधता में वृद्धि के लिए 2020-21 से CUCET जुड़ने का निर्णय विश्वविद्यालय के अकादमिक उन्नसन में मील के पत्थर थे। इसमें की सन्देह नहीं कि कोविड-19को केन्द्रय विश्वविद्यालय ओड़िशा के लिए चुनौतियाँ प्रस्तुत कीं लेकिन विश्वविद्यालय समुदाय ने आवश्चक मार्गदर्शन का पालन करते हुए और छात्रों के लिए ऑनलाइन कक्षाएँ लागू करके चुनौतियों का सामना किया।

मैं विश्वविद्यालय का सहयोग और समर्थन देने के लिए राज्य और केन्द्र सरकार के विभिन्न अंगों तथा जिला प्रशासन का कृतज्ञ हूँ और उन्हें धन्यवाद देता हूँ। इस विद्या मन्दिर के विकास के लिए विश्वविद्यालय के शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक स्टाफ के द्वारा किये गये सभी प्रयत्नों के लिए उन्हें भी धन्यवाद देता हूँ। मैं छात्रों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धि और विश्वद्यालय के विकास में उनके योगदान के लिए बधाई देता हूँ। पुनः मैं आश्वस्त हूँ कि आने वाले वर्ष में विश्वविद्यालय सभी प्रकार की प्रगति और सम्पन्नता प्राप्त करेगा।

सभी के प्रति शुभकामनाओं के सहित!

प्रो. आई. रामब्रह्मम
कुलपति
ओड़िशा केन्द्रीय विश्वविद्यालय

# एक नजर सीयूओ पर

ओड़िशा केन्द्रीय विश्वविद्यालय वर्ष 2009 में संसद के अधिनियम द्वारा ओड़िशा के कोरापुट में स्थापित की गयी थी। विश्वविद्यालय मानविकी, भाषा, सामाजिक विज्ञान और मौलिक तथा अनुप्रयुक्त विज्ञान में अग्रिम ज्ञान के प्रसार के लिए प्रयास करता है। इसका लक्ष्य अधिगम प्रक्रिया, अंतःविषयक अनुसंधान को बढ़ावा देना और लोगों के सामाजिक-आर्थिक स्थितियों में सुधार और उनके शैक्षणिक, बौद्धिक तथा सांस्कृतिक विकास के लिए विशेष ध्यान दिया जाना है। विश्वविद्यालय कोरापुट जिले के सुनाबेढ़ा में अवस्थित है। मुख्य परिसर सुनाबेढ़ा स्थित 430.37 एकड़ जमीन पर अवस्थित है। ओड़िशा सरकार ने सीयूओ को यह जमीन प्रदान किया है, और यह जमीन विश्वविद्यालय के नाम में पंजीकृत हो चुका है।

## विश्वविद्यालय की दूरदृष्टि:

- सहयोग/शैक्षणिक समझौता/भारत व विदेश के प्रमुख अनुसंधान संस्थान, विश्वविद्यालय एवं उद्योग के साथ साझेदारी। आज के संदर्भ में यूनिस्को दस्तावेज में यथा परिकल्पित एक नए अर्थ एवं नए आकार पर लिए गए क्रॉस बॉर्डर शिक्षा।
- यूनेस्को दस्तावेज में बताये गये क्रॉस बॉर्डर शिक्षा को आज के संदर्भ में नये अर्थ मे लेना और नया रूप प्रदान करना
- निमन्त्रण से प्रख्यात अतिथि संकायों का प्रवेश
- एक आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की स्थापना (IQAC)

## विश्वविद्यालय के लक्ष्य:

- सभी के लिए उत्कृष्ट शिक्षा, ताकि हम राष्ट्र की रीढ़ की हड्डी को मजबूत कर पाएँगे।
- दूर दराज तक पहुँचने के लिए समावेशी शिक्षाह्न का प्रसार।
- स्वदेशी एवं वैश्विक परिदृश्य का एक स्वस्थ सहजीवन का पक्ष समर्थक।
- उच्च शिक्षा की एक मजबूत आधारित संपूर्ण वैश्विक नजरिया बनाए रखना।
- स्वयं के लिए एक स्थान बनाए।

## तद्नुसार विश्वविद्यालय पहले से ही तैयार की गयी:

- विश्वविद्यालय-उद्योग संपर्क के लिए नीति की रूपरेखा।
- विदेश में स्थित विश्वविद्यालयों के साथ अन्तर्राष्ट्रीय संपर्क हेतु नीति की रूपरेखा।
- प्रशासन, शिक्षण एवं अध्ययन के सभी स्तरों पर गुणवत्ता की संस्कृतिह्न की शिक्षा के लिए नीतिगत संरचना।

## ओड़िशा केन्द्रीय विश्वविद्यालय का उद्देश्य:

- अध्ययन की ऐसी शाखाओं में यथोचित शिक्षण एवं अनुसंधान सुविधाएँ प्रदान कर अत्याधुनिक ज्ञान का प्रसार करना,
- अपने शैक्षिक कार्यक्रमों में मानविकी, समाजविज्ञान, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में संकलित पाठ्यक्रमों के लिए विशेष प्रावधान प्रस्तुत करना,
- शिक्षण-अध्ययन प्रक्रिया एवं अंतर्विषयक अध्ययन एवं अनुसंधान में नवोन्मेष को प्रोत्साहित करने के लिए उचित उपाय प्रस्तुत करना,
- देश के विकास के लिए मानव-शक्ति को शिक्षित एवं प्रशिक्षित करना,
- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को प्रोत्साहित करने हेतु उद्योगों के साथ संपर्क स्थापित करना,
- लोगों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति में सुधार एवं कल्याण, उनके बौद्धिक, शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक विकास हुते विशेष ध्यान देना।

## शैक्षणिक प्रोफाइल

वर्तमान समय मेंविश्वविद्यालय तीन वर्षीय और दो वर्षीय परास्नातक कार्यक्रम, पाँच वर्षीय एकीकृत मास्टर कार्यक्रम, दो वर्षीय मास्टर कार्यक्रम और अनुसंधान कार्यक्रम (एम.फिल और पी-एच.डी.) प्रदान करता है। परास्नातक कार्यक्रम में शामिल हैं कंप्यूटर अनुप्रयोग में स्नातक (तीन वर्षीय) और दो वर्षीय परास्नातक प्रशिक्षण कार्यक्रम, शिक्षा में स्नातक, जबकि गणित विज्ञान में पाँच वर्षीय एकीकृत मास्टर कार्यक्रम, नृविज्ञान, जैव विविधता एवं प्राकृतिक संसाधन संरक्षण, वाणिज्य प्रशासन, अर्थनीति, अंग्रेजी, हिंदी, जनसंचार तथा पत्राचार, ओड़िया, संस्कृत, सामाजिक और सांख्यिकी में दो वर्षीय मास्टर कार्यक्रम। नृविज्ञान, जैव विविधता एवं प्राकृतिक संसाधन संरक्षण, जनसंचार तथा पत्राचार, ओड़िया, और समाज विज्ञान, अर्थशास्त्र, शिक्षा और सांख्यिकी में एम.फिल तथा पी-एच.डी. अनुसंधान कार्यक्रम चलाता है। विश्वविद्यालय शैक्षणिक तथा अनुसंधान के क्षेत्र में सहयोग के लिए विभिन्न राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों के साथ समझौता किया है। सबी पाठ्यक्रमों में प्रवेश राष्ट्रीय स्तर पर प्रवेश परीक्षा के माध्यम से होता है।

वर्ष 2019-20 के लिए दस स्नातकोत्तर कार्यक्रम, एक पंचवर्षीय एकीकृत पाठ्यक्रम (पाँच वर्षीय), एक स्नातक पाठ्यक्रम (तीन वर्षीय) एवं बी.एड. पाठ्यक्रम के लिए कक्षाएँ चलाई जा रही हैं। इन विषयों में शैक्षिक वर्ष 2019-20 के लिए 368 छात्रों ने दाखिला ले चुके हैं।

शैक्षिक कैलेण्डर का केन्द्रो/विभागों एवं निर्धारित कार्यक्रमों के अनुसार सम्पादित सभी शिक्षण-अध्ययन गतिविधियों द्वारा सख्ती से अनुसरण किया जाता है।

## कुलपति का पदस्थ होना

दिनांक 06 दिसम्बर 2019 को हैदराबाद विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान के प्राध्यापक प्रो. आई. रामाब्रह्मम, ओड़िशा केन्द्रीय विश्वविद्यालय के तीसरे नियमित कुलपति के रूप में पदस्थ हुए।

## एनआईआरएफ रैंकिंग

ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) 2019 में भाग लिया।

## संरचनात्मक प्रगति

विश्वविद्यालय के ध्येय के मद्देनजर हमने सुनाबेड़ा, कोरापुट स्थित हमारे मुख्य कैम्पस के विकास में कई बाधाएँ एवं चुनौतियों का सामना किया है। कैम्पर में संरचनात्मक विकास की आवश्यकता की पूर्ति के लिए बुनियादी ढाँचे और अन्य सहायक सुविधाओं के स्तर में सुधार लाने के हमारे प्रयास के चलते विश्वविद्यालय ने कैंपस को कार्यक्रम करने के लिए आवश्यक बुनियादी ढाँचा को तैयार करने में सक्षम हो पाया है। जून 2019 को विश्वविद्यालय ने अपने प्रशासनिक भागों का स्थानांतरण सुनाबेड़ा, लांडिगुड़ा, कोरापुट सीयूओ के अतिथि भवन में कर लिया है।

## मानव संसाधन

वर्तमान पुस्तकालय पिछले कई वर्षों से तेजी से प्रगति की है। हालाँकि केन्द्रीय विश्वविद्यालय के केन्द्रीय पुस्तकालय अपने शिक्षण एवं छात्र समुदाय को कुछ विशेष मूल्य वर्धित सेवा प्रदान करते हुए अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त किया है। अब तक केन्द्रीय पुस्तकालय में 33573 पुस्तकों का संग्रह है, 9000 से भी अधिक ई-पत्रिकाएँ, ई-शोध सिंध (उच्च शिक्षा इलेक्ट्रॉनिक संसाधन का कनसोरटियम) संदर्भ पुस्तकें, सिरियल्स, शोधग्रंथ और डिजारटेशन और पत्रिकाओं की पुरानी संस्करण आदि खरीदी है। वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान, पुस्तकालय के लिए 148 पुस्तकें मँगायी गयी है कैलेंडर 2019 के लिए 142 प्रिंट पत्रिकाएँ पुस्तकालय में मँगाई गयी है।

## विद्यार्थियों और कर्मचारियों के लिए परिवहन सुविधा

विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों के लिए परिवहन सुविधा की पूर्ति हेतु जयपुर, कोरापुट, सिमिलिगुडा और सुनाबेढ़ा से विश्वविद्यालय कैम्पस तक आवागमन के लिए मासिक आधार पर पाँच बसें प्रदान की गयी है। छात्रावास में रह रहे विद्यार्थीगण विविध शैक्षणिक, क्षेत्र परिदर्शन और विश्वविद्यालय तक पहुँचने के लिए और विविध शैक्षणिक कार्यक्रम तथा क्षेत्र परिदर्शन के लिए बस सेवा का लाभ उठा रहे हैं।

## वैधानिक समितियों की बैठकें

### कार्यकारी परिषद

कार्यकारी परिषद की 28वीं बैठक 28 जून, 2019 को आयोजित की गई।

कार्यकारी परिषद की 30वीं बैठक 24 दिसम्बर, 2019 को आयोजित की गई।

कार्यकारी परिषद की 29वीं बैठक 01 अक्टूबर, 2020 को आयोजित की गई।

### शैक्षणिक परिषद

शैक्षणिक परिषद की 18वीं बैठक 27 मई, 2019 को आयोजित की गई।

### वित्त समिति

वित्त समिति की 20वीं बैठक 27 जून, 2019 को आयोजित की गई।

वित्त समिति की 21वीं बैठक 30 सितम्बर, 2019 को आयोजित की गई।

वित्त समिति की 22वीं बैठक 24 दिसम्बर, 2019 को आयोजित की गई।

### भवन निर्माण समिति

भवन निर्माण समिति की 26वीं बैठक 12 जून, 2019 को आयोजित की गई।

## पदधारक सूची

## कुलाधिपति

| नाम | अवधि |
|---|---|
| प्रो. के. श्रीनाथ रेड्डी<br>अध्यक्ष, पब्लिक हेल्थ फाउंडेशन ऑफ इंडिया (पीएचएफआई) | 31.08.2012 से 30.08.2017 तक |
| प्रो. पी.वी. कृष्णा भट्ट<br>अध्यक्ष, सेंटर फॉर एडुकेशनल एण्ड सोशल स्टडीज (सईएसएस) | 11.07.2018 अब तक |

## कुलपति

| नाम | अवधि |
|---|---|
| प्रो. (डॉ.) सुरभी बनर्जी | 28.02.2009 से 27.02.2014 तक |
| प्रो. महम्मद मियां (अतिरिक्त प्रभार) | 01.04.2014 से 13.05.2015 तक |
| प्रो. तलत अहम्मद (अतिरिक्त प्रभार) | 15.05.2015 से 06.08.2015 तक |
| प्रो. सचिदानंद मोहांति | 07.08.2015से28.02.2019 तक |
| प्रो. शरत कुमार पलिता (कुलपति प्रभारी) | 01.03.2019 से 06.12.2019 तक |
| प्रो. आई रामाब्रह्मम | 06.12.2019 से अब तक |

***पारदर्शिता***

*ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय सभी मामलों में जीएफआर नियमों, केंद्रीय सतर्कता आयोग के दिशानिर्दों और गुणवत्ता नियंत्रण प्रक्रिया का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध है।*

## विश्वविद्यालय का मानव संसाधन

विश्वविद्यालय की मानव शक्ति : वर्ष 2019-20 के दौरान विश्वविद्यालय की प्रगति एवं शैक्षिक विभागों में वृद्धि के साथ कई शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारीगण ओड़िशा केन्द्रीय विश्वविद्यालय, कोरापुट की सेवा में शामिल हुए हैं। विश्वविद्यालय के नियमित और प्रतिबंधित कर्मचारियों की अद्यतन सूची निम्नवत है -

### विश्वविद्यालय के सांगठनिक पदों की सूची

| क्रमांक | नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1. | प्रो. आई. रामाब्रह्मम | कुलपति |
| 2. | प्रो. शरत कुमार पलिता | अधिष्ठाता, जैव विविधता एवं प्राकृतिक संसाधन संरक्षण |
| 3. | प्रो. असित कुमार दास | अधिष्ठाता |
| 4. | श्री के. कोसला राव | वित्त अधिकारी (प्रभारी) |
| 5 | डॉ. जयन्त कुमार नायक | परीक्षा नियंत्रक प्रभारी |

### नियमित शैक्षणिक कर्मचारी

| क्रमांक | नाम | पदनाम | विभाग | विद्यापीठ |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रो. शरत कुमार पलिता | प्राध्यापक एवं अधिष्ठाता | जैव विविधता एवं प्राकृतिक संसाधन विभाग (बीसीएनआर) | बीसीएनआर विद्यापीठ |
| 2 | डॉ. जयंत कुमार नायक | सहायक प्रोफेसर | मानव शास्त्र अध्ययन विभाग | समाज विज्ञान विद्यापीठ |
| 3 | श्री श्रीनिवास बी. कोंटनाक | सहायक प्रोफेसर | यथा | यथा |
| 4 | डॉ. काकोली बनर्जी | सहायक प्रोफेसर | बीसीएनआर | बीसीएनआर विद्यापीठ |
| 5 | डॉ. देबब्रत पांडा | सहायक प्रोफेसर | बीसीएनआर | बीसीएनआर विद्यापीठ |
| 6 | श्री प्रशांत कुमार बेहेरा | सहायक प्रोफेसर | अर्थशास्त्र | समाज विज्ञान विद्यापीठ |
| 7 | डॉ. मिनती साहु | सहायक प्रोफेसर | अर्थशास्त्र | यथा |
| 8 | श्री बिश्वजित भोई | सहायक प्रोफेसर | अर्थशास्त्र | यथा |
| 9 | डॉ. रमेंद्र कुमारी पाढ़ी | सहायक प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष प्रभारी | शिक्षा | शिक्षा तथा शिक्षण तकनीकी विद्यापीठ |
| 10 | श्री संजीत कुमार दास | सहायक प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष प्रभारी | अंग्रेजी भाषा तथा साहित्य विभाग | भाषा विद्यापीठ |
| 11 | डॉ. प्रदोष कुमार रथ | सहायक प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष प्रभारी | पत्रकारिता एवं जन संचार विभाग | शिक्षा तथा शिक्षण तकनीकी विद्यापीठ |
| 12 | डॉ. सौरभ गुप्ता | सहायक प्रोफेसर | यथा | यथा |
| 13 | श्री ज्योतिष्का दत्ता | सहायक प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष प्रभारी | गणित विज्ञान | मौलिक विज्ञान तथा सूचना विज्ञान विद्यापीठ |
| 14 | डॉ. आलोक बराल | सहायक प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष प्रभारी | ओड़िआ भाषा एवं साहित्य विभाग | भाषा विद्यापीठ |
| 15 | डॉ. प्रदोष कुमार स्वांई | सहायक प्रोफेसर | यथा | यथा |
| 16 | डॉ. कपिल खेमुंदु | सहायक प्रोफेसर | समाजशास्त्र विभाग | समाज विज्ञान विद्यापीठ |
| 17 | डॉ. महेश कुमार पांडा | सहायक प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष प्रभारी | सांख्यिकी | अनुप्रयुक्त विज्ञान विद्यापीठ |

## व्याख्याता (संविदा)

| क्रमांक | नाम | विभाग | विद्यापीठ |
|---|---|---|---|
| 1 | डॉ. मीरा स्वांइ | मानवशास्त्र अध्ययन विभाग | समाज विज्ञान विद्यापीठ |
| 2 | डॉ. प्रीतिश बेहेरा | वाणिज्य प्रबंधन | वाणिज्य तथा प्रबंधन अध्ययन विद्यापीठ |
| 3 | श्री सुबाष चंद्र पट्टनायक | यथा | यथा |
| 4 | डॉ. ए. मोहन मुरधीधर | यथा | यथा |
| 5 | सुश्री सुमन मिश्र | यथा | यथा |
| 6 | डॉ. गिरिधर मोहांत | यथा | यथा |
| 7 | श्री सुशांत कुमार | कंप्यूटर विज्ञान | मौलिक विज्ञान तथा सूचना विज्ञान विद्यापीठ |
| 8 | श्री पतितपावन रथ | यथा | यथा |
| 9 | श्री संदीप कुमार साहु | यथा | यथा |
| 10 | डॉ. सर्वेश्वर बारिक | यथा | यथा |
| 11 | श्री संतोष कुमार रथ | यथा | यथा |
| 12 | श्री सुभ्रजीत रथ | अर्थशास्त्र | समाज विज्ञान विद्यापीठ |
| 13 | श्री केदारसेन साहु | यथा | यथा |
| 14 | श्री के. वेंकट एन राव | शिक्षा | शिक्षा तथा शिक्षण तकनीकी विद्यापीठ |
| 15 | श्री अक्षय कुमार भोई | यथा | यथा |
| 16 | श्री पी. डब्ल्यू बनर्जी | यथा | यथा |
| 17 | डॉ. शिशिर कुमार बेज | यथा | यथा |
| 18 | सुश्री बी. सोरेन | यथा | यथा |
| 19 | डॉ. मयूरी मिश्रा | हिंदी | भाषा विद्यापीठ |
| 20 | डॉ. शताब्दी बेहेरा | यथा | यथा |
| 21 | डॉ. सौम्य रंजन दाश | यथा | यथा |
| 22 | श्री जयंत कुमार स्वाईं | अंग्रेजी | भाषा विद्यापीठ |
| 23 | सुश्री डोली चौधुरी | यथा | यथा |
| 24 | सुश्री मेहुली सांत्रा | यथा | यथा |
| 25 | सुश्री सोनी पाढ़ी | पत्रकारिता तथा जनसंचार विभाग | शिक्षा तथा शिक्षण तकनीकी विद्यापीठ |
| 26 | सुश्री तलत जे. बेगम | यथा | यथा |
| 27 | श्री सुजीत कुमार मोहांती | यथा | यथा |
| 28 | श्री रमेश चन्द्र माटी | गणित | मौलिक विज्ञान तथा सूचना विज्ञान विद्यापीठ |
| 29 | सुश्री कृष्णा मलिक | यथा | यथा |
| 30 | सुश्री दीपक राउत | यथा | यथा |
| 31 | डॉ. आनन्द विश्वास | यथा | यथा |
| 32 | डॉ. दीपन ज्योति मोहांती | यथा | यथा |
| 33 | श्री प्रीतम कुमार भोई | यथा | यथा |
| 34 | डॉ. रुद्राणी मोहांती | ओड़िया भाषा तथा साहित्य | भाषा विद्यापीठ |
| 35 | डॉ. गणेश प्रसाद साहु | यथा | यथा |
| 36 | डॉ. बिरेंद्र कुमार सडंगी | संस्कृत | यथा |
| 37 | डॉ. कुमुद प्रसाद आचार्य | संस्कृत भाषा | यथा |
| 38 | डॉ. आदित्य केशरी मिश्रा | समाजशास्त्र | समाज विज्ञान विद्यापीठ |
| 39 | डॉ. नुपूर पट्टनायक | यथा | यथा |
| 40 | डॉ. विजय चंद महाराणा | यथा | यथा |
| 41 | सुश्री सुमन दास | सांख्यिकी विभाग | अनुप्रयुक्त विज्ञान विद्यापीठ |
| 42 | सुश्री स्वतिका प्रधान | सांख्यिकी विभाग | अनुप्रयुक्त विज्ञान विद्यापीठ |
| 43 | डॉ. निरूपमा साहु | सांख्यिकी विभाग | अनुप्रयुक्त विज्ञान विद्यापीठ |

## अतिथि प्रवक्ता

| क्रमांक | नाम | विभाग | क्रमांक | नाम | विभाग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डॉ. उमा शंकर पाढ़ी | अंग्रेजी विभाग | 13 | सुश्री पबीशा चट्टोपाध्याय | व्यवसाय प्रशासन विभाग |
| 2 | डॉ. रानी सिंह | हिंदी विभाग | 14 | श्री यादव देवी प्रसाद बेहरा | व्यवसाय प्रशासन विभाग |
| 3 | श्री पुरन्दरा बिश्वाल | हिंदी विभाग | 15 | श्री श्रीनिवास राव के. | व्यवसाय प्रशासन विभाग |
| 4 | श्री श्रीनिवास स्वाईं | संस्कृत विभाग | 16 | सुश्री लोचन शर्मा | मानव विज्ञान विभाग |
| 5 | श्री पी.जी. राजा कुमार | शिक्षा विभाग | 17 | डॉ. अंजली दाश | अर्थशास्त्र विभाग |
| 6 | डॉ. शुभेन्दु मोहन श्रीचंदन मिश्रा | गणित विभाग | 18 | डॉ. रामा बाबु एम. | मानव विज्ञान विभाग |
| 7 | श्री सिद्धान्त बेहरा | कंप्यूटर विज्ञान विभाग | 19 | सुश्री रचना | अंग्रेजी विभाग |
| 8 | सुश्री साथी लक्षी गोट्टापु | कंप्यूटर विज्ञान विभाग | 20 | डॉ. बांशेलकीकर यशपाल | अंग्रेजी विभाग |
| 9 | डॉ. मानस कुमार मलिक | समाज विज्ञान विभाग | 21 | सुश्री स्वागतिका भोई | शिक्षा विभाग |
| 10 | डॉ. प्रदीप चन्द्र आचार्य | संस्कृत विभाग | 22 | डॉ. अभिषेक भौमिक | मानव विज्ञान विभाग |
| 11 | डॉ. जयप्रकाश साहू | संस्कृत विभाग | 23 | प्रो. वीरेश रचप्पा बाडीगर | अंग्रेजी विभाग |
| 12 | डॉ. चक्रपानी पोखरेल | संस्कृत विभाग | | | |

## अतिथि प्राध्यापक

| क्रमांक | नाम | विभाग |
|---|---|---|
| 1 | प्रो. ई. राजा राव | अंग्रेजी विभाग |
| 2 | प्रो. कृष्णा चन्द्र प्रधान | ओड़िआ विभाग |
| 3 | प्रो. हेमराज मीणा | हिंदी विभाग |
| 4 | प्रो. आर.वी.के. शास्त्री | संस्कृत विभाग |
| 5 | प्रो. एम.एन.वी. प्रसाद | जैव विविधता विभाग और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण |
| 6 | प्रो. दुर्गा प्रसाद | समाजशास्त्र विभाग |
| 7 | प्रो. बी.सी. बारीक | समाजशास्त्र विभाग |
| 8 | प्रो. भागवत पात्रा | अर्थशास्त्र विभाग |
| 9 | प्रो. प्रमोद कुमार जेना | जे. एवं एम.सी विभाग |
| 10 | प्रो. अक्षय राउत | जे. एवं एम.सी विभाग |
| 11 | प्रो. सबिता पी. पट्टनायक | शिक्षा विभाग |

## गैर शैक्षणिक कर्मचारियों की सूची

| क्रमांक | नाम | पदनाम | विभाग |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री के.वी. उमा महेश्वर राव | संयुक्त अधिष्ठाता | प्रशासन |
| 2. | श्री के. कोशला राव | संयुक्त अधिष्ठाता | अकादमिक एवं वित्त |
| 3. | श्री सुधाकर पट्टनायक | ओआईसी | अनुरक्षण |
| 4. | श्री एम. एम. पात्र | विशेष कार्य अधिकारी | प्रशासन |
| 5. | श्री बिजयानन्द प्रधान | सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष | केंद्रीय पुस्तकालय |
| 6. | डॉ. फगुनाथ भोई | जन संपर्क अधिकारी | जनसंपर्क |
| 7. | श्री मानस कुमार दास | सहायक अधिष्ठाता | वित्त |
| 8. | ई. पद्मलोचन स्वाईं | सहायक अभियंता | अभियांत्रिकी |
| 9. | श्री बरदा प्रसाद राउतराय | अनुभाग अधिकारी | प्रशासन |
| 10. | श्री संजीव पाप्नेजा | तकनीकी सहायक | कम्प्यूटर प्रयोगशाला |
| 11. | श्री रूद्रनारायण | प्रोफेशनल सहायक | पुस्तकालय |
| 12. | श्री शिवराम पात्र | सहायक | शैक्षणिक |
| 13. | श्री मानस चन्द्र पाण्डा | सहायक | शैक्षणिक |
| 14. | श्री जितेन्द्र कुमार पाण्डा | प्रवर श्रेणी लिपिक | प्रशासन |
| 15. | श्री अजित प्रसाद पात्र | प्रवर श्रेणी लिपिक | वित्त |
| 16. | श्री अजय कुमार महापात्र | प्रयोगशाला सहायक | नृविज्ञान विभाग |
| 17. | श्री मुकुन्द खिलो | पुस्तकालय सहायक | पुस्तकालय |
| 18. | श्री प्रमोद कुमार परिड़ा | निम्न श्रेणी लिपिक | वित्त |
| 19. | श्री तुषारकान्त दास | निम्न श्रेणी लिपिक | अस्थायी कार्यालय, भुवनेश्वर |
| 20. | श्री मिलन राउल | कार्यालय सहायक | शैक्षणिक |
| 21. | सुश्री प्रीति कुमारी रथ | कार्यालय सहायक | प्रशासन |
| 22. | डॉ. मधुसूदन महापात्रा | चिकित्सक | प्रशासन |
| 23. | श्री पी.पी. क्षेत्रीय | जेपीए | अनुरक्षण |
| 24. | श्री निरंजन पाढ़ी | प्रबंधन, अतिथि भवन | प्रशासन(06.11.2019को छोड़ा गया) |
| 25. | श्री गंगाधर डाकुआ | बागबानी निरीक्षक | अनुरक्षण |
| 26. | श्री भगवान नाहक | परामर्शदाता | प्रशासन(01.06.2020 को छोड़ा गया) |
| 27. | श्री अनुज कुमार सिंह | परामर्शदाता (आईटी) | पुस्तकालय |
| 28. | श्री प्रदीप कुमार मोहंती | खेलकूद परामर्शदाता | प्रशासन |

## प्रो. आई. रामब्रह्मम ने कुलपति के रूप में पदभार संभाला

एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद्, प्रो. आई रामब्रह्मम ने ओड़िशा के केन्द्रीय विश्वविद्यालय के तीसरे नियमति कुलपति के रूप में 06 दिसम्बर 2019 को पदभार संभाला। भारत का राष्ट्रपति महामहिम रामनाथ कोविंद ने केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 की विधान 2(1) के तहत प्रोफेसर आई. रामब्रह्मम को उनकी नियुक्ति तिथि से 5 वर्ष तक या उनकी आयु 70 वर्ष होने तक, जो भी पहले हो, ओड़िशा केन्द्रीय विश्वविद्यालय, कोरापुट (सीयूओ) के कुलपति के रूप में नियुक्त किया जिसकी सूचना 3 दिसंबर 2019 को मानव संसाधन विभाग, भारत सरकार द्वारा जारी विज्ञप्ति से प्राप्त हुई। 03 दिसम्बर 2019 को उन्होंने, तत्कालीनी उपकुलपति प्रो. सचिदानंद मोहांती जो कि 28 फरवरी 2019 को अवसर ग्रहण किए थे, के बाद बने अंतरीम उपकुलपति प्रो0 एस के पालिता से अपना पदभार ग्रहण किया।

प्रो. आई रामब्रह्मम के पास हैदराबाद विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ सोशल साइंस के राजनीतिक विज्ञान के वरिष्ठ संकाय सदस्य के रूप में एक विशाल और प्रभावशाली अकादमिक व प्रशासनिक अनुभव है।

प्रो. ररामब्रह्मम ने यू एच एच से राजनीति विज्ञान में पी-एच.डी. की और आंध्रे विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान और लोक प्रशासन में एम.ए. किया। उनके पास 30 से अधिक वर्षों का शिक्षण अनुभव है और उन्होंने राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में 100 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित किए हैं। इन्होंने 20 से अधिक विद्वानों का निर्देशन किया है तथा कई शोध परियोनाओं को पूरा भी किया है।प्रो. रामब्रह्मम शिक्षा-नीति, ई-गवर्नेंस, ई-पाठशाला पहल आदि पर ध्यान देने के साथ-साथ शासन, ग्रामीण विकास उच्च शिक्षा और सार्वजनिक नीति के क्षेत्र में काम करते हैं। इन्होंने ई-पाठशाला और स्वयम् पोर्टल के लिए लोक प्रशासन में 100 से अधिक मॉड्यूल तैयार किए हैं।

# अतिथि प्राध्यापक

**प्रोफेसर बी. सी. बारिक**
समाज विज्ञान विभाग

प्रो. विष्णु चरण बारिक ने 20 जनवरी 2020 को ओडिशा के केन्द्रीय विश्वविद्यालय के समाज विज्ञान विज्ञान विभाग में अतिथि प्राध्यापक के रूप में कार्यभार सम्भाला। यहाँ पदभार सम्भालने के पूर्व वे स्वामी रामानन्द तीर्थ मराठवाड़ा विश्वविद्यालय के समाज विज्ञान विभाग में वरिष्ठ प्राध्यापक (पूर्व निदेशक) थे। उन्हें 10 नवम्बर 2011 से 9 नवम्बर 2014 तक संबलपुर विश्वविद्यालय (ओड़िशा) के कुलपति का पद संभालने का सौभ्याय प्राप्त हुआ। कृषि विज्ञान अध्ययन, प्रवासन, कमजोर-वर्ग, बाँध और विस्थापन तथा जल प्रबंधन इनके शोध-क्षेत्र रहे हैं। प्रो. बारिक के आठ पुस्तक तथा चालीस से भी अधिक शोध पत्र जिनमें पुस्तक समीक्षा भी शामिल हैं, राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं।

**प्रो. पी. दुर्गाप्रसाद**
समाजशास्त्र विभाग

प्रो. पी. दुर्गाप्रसाद ने 20 जनवरी 2020 को ओडिशा के केन्द्रीय विश्वविद्यालय के सामजशास्त्र विभाग में अतिथि प्राध्यापक के रूप में कार्यभार संभाला। इन्होंने आईआईएम-अहमदाबाद, आईआरएमए-आनंद, एनआईआरडी-हैदराबाद, एनसीआरआई-हैदराबाद, मिजोरम के केन्द्रीय विश्वविद्यालय तथा अदीस अबाबा के सिविल सेवा इथियोपिया विश्वविद्यालय जैसे प्रमुख शिक्षण संस्थानों के साथ काम किया है। एक शिक्षक, शोधकर्ता तथा सलाहकार के रूप में इन्होंने अमेरिका, ब्रिटेन, सिंगापुर, थाईलैण्ड, वियतनाम, कंबोडिया, श्रीलंका, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, म्यांमार तथा इथियोपिया का दौरा किया है। वे राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान (एनआईआरडी) हैदराबाद के निदेशक थे।

उन्होंने विभिन् क्षमताओं पर भी काम किया है, जिनमें अध्यक्ष और सीईओ, राष्ट्रीय ग्रामीण संस्थान परिषद (एनसीआर आई), मानव संस्धन विकास मंत्रालय, भारत सरकार, हैदराबाद, निदेशक – प्रोफेसर तथा प्रमुख, पंचायती राज केन्द्र, एनआईआरडी, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार, राजेन्द्र नगर हैदराबाद शामिल हैं। ग्रामीण विकास के अन्तर्गत शोध कार्य अनुसंधान, प्रशिक्षण, शिक्षण, वकालत तथा परामर्श के क्षेत्र में इन्हें चालीस वर्षों का अनुभव है साथ ही एनआई आरडी के निदेशक, प्रोफेसर सह प्रमुख के रूप में तथा सात अन्य संस्थानों विभागों जैसे एच आर डी, संचार, लैंगिक अध्ययन, व्यवहार और संगठनात्मक विकास, अनुसंधान तथा प्रशिक्षण, पंचायती राज, ग्रामीण प्रबंधन, सुशासन तथा स्नातकोत्तर अध्ययन में 25 वर्षों का अनुभव है। इनके 6 पुस्तकें अन्यत्र 18 अध्याय, 36 अनुसंधान मोनोग्राफ रिपोर्ट केस अध्ययन के अलावा 63 शोध लेख प्रकाशित हो चुके हैं।

**प्रो. ई. राजा राव**

अंग्रेजी भाषा और साहित्य विभाग

उन्होंने 16.01.2020 को सीयूओ में पदभार संभाला। पदभार संभालने के पूर्व वे इंग्लिश के स्नातकोत्तर विभाग के प्रोफेसर थे तथा बेहरामपुर के कनेडियन अध्ययन केन्द्र के निदेशक भी थे। इन्होंने वरिष्ठ फुलब्राइट फैलोशिप, कैनेडियन एकेडेमिक रिसर्च फैलोशिप, यूजीसी टीचर फेलो, कैनेडियन रिसर्च फैलोशिप तथा अपने पी-एच.डी. थीसीस के लिए 'मेरिटोरियस अवार्ड' प्राप्त किया है। उनका अमेरिकी साहित्य, अफ्रीकी-अमेरिकी साहित्य, ब्रिटिश साहित्य, परा औपनिवेशिक अध्ययन, साहित्य सिद्धस्त, स्त्री लेखन, भारती अंग्रेजी साहित्य में शिक्षण और अनुसंधान में 40 वर्षों से अधिक का अनुभव रहा है साथ ही राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय महत्व के पत्र पत्रिकाओं में अच्छी संख्या में लेख प्रकाशित हुए हैं। उन्होंने अपने शैक्षणिक जीवन के दौरान 49 शोध विद्वानों (30 एम.फिल. तथा 19 पी.एच.डी) का निर्देशन किया है। वे एक रचनात्मक लेखक भी हैं। उन्होंने उप-प्रधान अन्वेषक के रूप में, यूजीसी मेजर रसर्च प्रोजेक्ट पर प्रधान अन्वेषक प्रोफेसर बी.के. त्रिपाठी के साथ ओड़िशा के जनजातीय लोगों की लोककथा और पौराणिक कथाओं पर सहयोगात्मक कार्य किया है। प्रो0 राव ने एक बार और प्रतिष्ठित फैलोशिप पर फ्रांस और कनाडा का दौरा किया है। समकालीन अफ्रीका-अमरिकी कथा पर एक पुस्तक की रचना की है तथा अंग्रेजी और कनाडाई साहित्य पर दो पत्रिकाओं का संपादन किया है।

**प्रो. मजीती नरसिम्हा वरा प्रसाद**
जैव विविधता एवं प्राकृतिक संसाधन संरक्षण विभाग

सीयूओ में पदभार संभालने से पहले प्रो. एम.एन.वी. प्रसाद, स्कूल ऑफ लाइफ साइंसेज, हैदराबाद विश्वविद्यालय, तेलंगाना में एमेरिट्स प्रोफेसर थे। वे जैव प्रौद्योगिक कार्यक्रम तथा पर्यावरण शिक्षण तथा प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा के समन्वयक के रूप में सेवा दे चुके हैं। उन्होंने 19 पी-एच.डी विद्वानों तथा सात एम.फिल. के विद्वानों का निर्देशन किया है साथ ही 21 शोध परियोजनाओं को पूरा किया है। उनके शोध लेख 204 पीयर रिव्यू जर्नल्स, 127 पुस्तक अध्याय, 26 पुस्तकों के रूप में प्रकाशित हो चुके हैं। उन्होंने अब तक 6 अकादमिक सम्मान प्राप्त किया है तथा अतिथि प्राध्यापक के रूप में बारह देशों का भ्रमण भी किया है।

**प्रो. हेमराज मीणा**
हिन्दी विभाग

प्रो. मीणा ने 21 जनवरी 2020 को सीयूओ में अतिथि प्राध्यापक का पदभार संभाला। पदभार संभालने से पहले वे 'केन्द्रीय हिंदी संस्थान', गुवाहाटी के क्षेत्रीय निर्देशक थे। इनके पास केन्द्रीय हिन्दी संस्थान के विभिन्न क्षेत्रीय केन्द्र जैसे अहमदाबाद, आगरा, मेघालय, असम में प्रशासनिक कार्य में ग्यारह वर्षों का अनुभव है। उनके पास हिन्दी साहित्य में अध्यापन का 34 वर्षों का अनुभव है। वे विश्व हिन्दी सम्मान, डॉ. जगदीश गुप्ता साहित्य सम्मान, सूर्य अंर्तभारती भाषा सम्मान, साहित्य श्री सम्मान तथा शितिक सम्मान से सम्मानित हो चुके हैं। उन्हें 6 पुस्तकों, 500 आलेख, 100 कविताओं तता 9 हिन्दी साहित्यिक पत्रिकाओं के संपादक के रूप में जाना जाता है। उन्हें हिन्दी साहित्य तथा भाषा विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों जैसे, भारतीय काव्य, पाश्चात्य काव्य, दलित तथा जनजातीय साहित्य, हिन्दी आलोचना कथा साहित्य, उपन्यास व कविता, हिन्दी साहित्य का इतिहास आदि क्षेत्र में विशेषज्ञता प्राप्त है।

**प्रो. भागवत पात्रो**
अर्थशास्त्र विभाग

प्रो. भागवत पात्रो 15 जनवरी 2020 को अतिथि प्रध्यापक के रूप में विश्वविद्यालय का कार्यभार संभाला। उनके पास बेहरमपुर विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र के प्रोफेसर के रूप में एक समृद्ध शैक्षणिक अनुभव है। यहाँ पदभार संभालने से पहले वे भुवनेश्वर के बिड़ला ग्लोबल विश्वविद्यालय में अतिथि प्रध्यापक थे। उन्होंने एक सहायक प्रोफेसर के रूप मे महाराष्ट्र नेशनल लॉ विश्वविद्यालय, मुम्बई में भी कार्य किया। इकोनोमेट्रिक्स, सार्वजनिक अर्थशास्त्र एवं विकास अर्थशास्त्र के क्षेत्र में माहिर है। इन्होंने केन्द्र और राज्य सरकार के दो अनुसंधान परियोजना को पूरा किया। स्वयं के बल पर उन्होंने विदेश भ्रमण भी किया है। उनके प्रकाशन सूची में 12 पुस्तकें तथा मोनोग्राफ, 21 पुस्तक समीक्षा, 2 अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका में लेख, 32 राष्ट्रीय। क्षेत्रीय पत्रिकाओं में लेख शामिल हैं। इन्होंने ग्यारह पी-एच.डी. विद्वानों को निर्देशित किया है।

**प्रो. प्रमोदा कुमार जेना**
पत्रकारिता एवं जन संचार विभाग

प्रो. जेना 20 जनवरी 2020 को इस विश्वविद्यालय में अतिथि प्राध्यापक के रूप में कार्यभार संभाला। इससे पहले वे गुरू जभेश्वर विश्वविद्यालय, हिसार के संचार प्रबंधन तथा प्रौद्योगिकी विभाग में सितम्बर 1994 से जुलाई 2016 तक पढ़ा रहे थे। इन्होंने 9 पी.एच.डी विद्वानों का निर्देशन किया। वे गूरू जम्भेश्वर विज्ञान और प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार के संचार प्रबंधन तथा प्रोद्योगिकी विभाग के अध्यक्ष के रूप में सेवा दे चुके हैं तथा यहीं वे डीन का पदभार भी संभाला है। उन्होंने प्रमुख राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय पत्र-पत्रिकाओं में अच्छी खासी लेख प्रकाशित किये हैं। विकास के लिए संचार क्षेत्र में विशेषज्ञ प्रो0 जेना ने काफी प्रयोगात्मक कार्य किये हैं, जैसे ग्रामीण समाचार पत्र 'द ग्राम्यवाणी', 'गाँव खबर', 'ग्राम पहल' शुरूआत।

**प्रो. अक्षय राउत, आईआईएस (रिटायर्ड)**
पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग

फरवरी 2020 में यहाँ कार्यभार संभालने से पहले फरवरी 2019 में अक्षय राउत ने सार्वजनिक सेवा के 38 साल पूरे किए। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों जैसे महानिदेशक स्वच्छ भारत मिशन, पेय जल तथा स्वच्छता मंत्रालय, भारत सरकार तथा महानिदेशक भारत का निर्वाचन कमीशन, में अपनी सेवा दे चुके हैं। वे संघीय सिविल सेवा 'भारतीय सूचना सेवा' में कार्यरत हैं, इसी दौरान उन्होंने प्रबंधन कार्यक्रमों / परियोजनाओं / वित्त / खरीद / वार्ता में वरिष्ठ पदों पर सेवा दी। उनकी विशेषज्ञता तथा नेतृत्व के क्षेत्र सामाजिक लामबंदी, संचार सार्वजनिक अभियान, संस्थान निर्माण, शैक्षणिक तथा क्षमता विकास, परियोजना कार्यान्वयन और अभिनव हस्तक्षेप जैसे क्षेत्र हैं। वे वर्तमान में यूनिसेफ के साथ जल और स्वच्छता के लिए क्षमता निर्माण में राष्ट्रीय स्तर के टीम लीडर हैं और जल शक्ति के नवनिर्मित मंत्रालय के पेयजल और स्वच्छता विभाग के प्रयासों का समर्थक हैं।

प्रो. राउत ने स्वच्छ भारत मिशन में महत्वपूर्ण व्यवहार परिवर्तन और सामूहिक विकास कार्यों का नेतृत्व किया। इसके अलावा अंतर विभागयी समन्वय, कॉर्पोरेट और मीडिया की व्यस्तता और गंगा बैंकों जैसे प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में स्वच्छता पर तेजी से नजर रखने और कुछ महत्वपूर्ण स्थितियों पर कार्य कर रहे हैं। स्वच्छता को जन आंदोलन बनाने के लिए उन्होंने स्वच्छता ही सेवा, स्वच्छ शक्ति, सत्याग्रह से स्वच्छाग्रह, स्वच्छ सुंदर शौचालय तथा स्वच्छ कुंभ जैसे कार्यक्रम को संचालित कर रहे हैं। उन्होंने केन्द्रीय तथा राज्य एजेंसियों, शैक्षिक संस्थानों, गैर सरकारी और कॉर्पोरेट संस्थाओं एवं राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय विकास साझेदारों के साथ मिलकर स्वच्छता एक्शन प्लान, स्वच्छ आइकोनिक प्लेस, स्वच्छ पखवाड़ा, जिला स्वच्छ भारत और स्वच्छ भारत समर इंटर्नशिप जैसी अभिनव परियोजनाओं का भी नेतृत्व किया। इस प्रकार सभी के व्यवहार में स्वच्छता को आगे रखने की योजना।

2009 से 2014 तक, भारत के चुनाव आयोग के महानिदेशक के रूप में अक्षय राउत ने पहल की जिसके कारण सभी चुनावों में नामांकन और मतदाता के रिकॉर्ड मतदान में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। वे एसभीईईपी, एनभीडी, ईसीआई कैंपस एम्बेसेडर, भारत और दुनिया में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को गहरा करने के लिए राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय आदान-प्रदान और सर्वश्रेष्ठ चुनावी प्रथाओं के लिए पुरस्कार जैसे हस्तक्षेपों से जुड़ा हुआ है। एसभीईईपी और एनभीडी को अब दुनिया भर में प्रशंसित और अपनाया गया है। अक्षय राउत ने पहले महानिदेशक के रूप में इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी और इलेक्शन मैनेजमेंट की नींव रखी।

**प्रो. कृष्णा चन्द्र प्रधान**
ओड़आ भाषा एवं साहित्य विभाग

प्रो. कृष्णा चन्द्र प्रधान जनवरी 2020 को ओडिशा के केन्द्रीय विश्वविद्यालय के ओड़आ विभाग में अतिथि प्राध्यापक के रूप में कार्यभार संभाला। उनके पास विभिन्न विश्वविद्यालयों में बत्तीस वर्षों का शिक्षण अनुभव है। अपने श्रेय के लिए 52 पुस्तकें, 190 शोध एवं लोकप्रिय लेख प्रकाशित किए हैं। इन्होंने चार अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों, दो राष्ट्रीय सम्मलेनों एवं बत्तीस राज्य स्तरीय संगोष्ठियों में भाग लिया। उनके मार्ग दर्शन में तीस विद्वानों को पी-एच.डी. की उपाधि तथा तीन विद्वानों को डी.लिट. की उपाधि से सम्मानित किया गया। उन्होंने दो प्रमुख यूजीसी अनुसंधान परियोजनाओं को भी पूरा किया है। उनके पास सिनेट सदस्य, विभागाध्यक्ष, विभिन्न संघों के उपाध्यक्ष, एकीकृत शिक्षा, प्रबंध संपादक, विभिन्न विश्वविद्यालयों के अध्ययन मंडल के सदस्य, पाठ्यक्रम समिति के सदस्य के रूप में 16 वर्षों का प्रशासनिक अनुभव है। उन्होंने केन्द्रयी साहित्य अकादमी एवं राज्य साहित्य अकादमी के परिषदीय सदस्य के रूप में कार्य किया है। वर्तमान में वे सरस्वती सम्मान, सरला पुरस्कार, केन्द्रीय साहित्य अकादमी पुरस्कार, राज्य साहित्य अकादमी पुरस्कार आदि विभिन्न प्रतिष्ठित निकायों के अंतिम निर्णायक सदस्य के रूप में काम करते हैं। उन्हें ओड़िशा साहित्य अकादमी पुरस्कार, झंकार पुरस्कार, सरला गंगाधर मेहर पुरस्कार, उत्कल साहित्य समाज पुरस्कार, फकीर मोहन साहित्य परिषद पुरस्कार, भारद्वाज पुरस्कार, केन्द्रपाड़ा जिला साहित्य पुरस्कार और सुरेन्द्र गभाना पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया है।

**प्रो. आर. वी. रामाकृष्णा शास्त्री**
संस्कृत विभाग

प्रो. शास्त्री 06 मार्च, 2020 को सीयूओ में अतिथि प्राध्यापक के रूप में पदभार संभाला। 2006 से 2019 तक वे हैदराबाद विश्वविद्यालय में संस्कृत के प्रोफेसर थे। उनके पास भाषा प्रवीण तथा व्याकरण प्रवीण में शैक्षणिक एवं शोध के अनुभव हैं। संस्कृत के अलावा उन्होंने तेलुगु में एम.ए. एवं पी-एच.डी की है। इसके अतिरिक्त उन्होंने भाषा विज्ञान में एम.ए. एवं ज्योतिषा में एम.ए. कर अपने अकादमिक कैरियर को समृद्ध बनाया। उनकी प्रकाशित पुस्तकें संस्कृत व्याकरण, वेदांग पाणिन्य शिक्षा, वेदांग ज्योतिष और वेदांग चंडास पर है।

**प्रो. सबिता प्रभा पट्नायक**
शिक्षा विभाग

प्रो. पटनायक 20 जनवरी 2020 को शिक्षा विभाग में अपना कार्यभार संभाला। सीयूओ में शामिल होने से पहले उन्होंने क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, भुवनेश्वर से अपने शिक्षण कैरियर की शुरूआत की और तीस से अधिक वर्षों तक वहाँ सेवा की। वे आरआईई, एनसीईआरटी और इग्नू की पाठ्यचर्या विकास समिति से जुड़ी हुई हैं। वे सर्वशिक्षा अभियान के नेशनल रिसोर्स ग्रुप की सदस्य, शिक्षकों के विश्लेषण की आवश्यकता के लिए आर एमएस ए अनुसंधान दल, न्यायमूर्ति वर्मा समिति की सिफारिश के कार्यान्वयन  के लिए समिति, और गुजरात के लिए एमएचआरडी की संयुक्त समीक्षा समिति से जुड़े हुए हैं। उन्होंने 8 पी-एच.डी. विद्वानों को निर्देशित किया है। उन्होंने 7 राष्ट्रीय परियोजनाओं और 1 अन्तर्राष्ट्रीय परियोजना पूरी की है। अपने श्रेय के लिए इन्होंने एक पुस्तक तथा 22 शोध लेख प्रकाशित कराए हैं। वे 08 अंतर्राष्ट्रीय और 25 राष्ट्रीय सम्मेलनों में अपने शोध पत्र प्रस्तुत करने के लिए दुनिया भर की यात्रा की हैं। इन्होंने राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय क्षेत्र में 18 बार शैक्षणिक समन्वयक एवं 50 बार संसाधन व्यक्ति के रूप में काम किया। इन्होंने 06 शैक्षणिक उपकरण, 03 प्रशिक्षण पैकेज, 05 हैंडबुक, इग्नू के लिए सामग्री और शिक्षा से संबंधित 02 वीडियो फिल्में भी विकसित की हैं।

## शैक्षणिक कार्यक्रम

| क्रमांक | विद्यापीठ का नाम | विभाग का नाम | कार्यक्रम का नाम तथा अवधि |
|---|---|---|---|
| 01 | भाषा विद्यापीठ | ओड़िआ भाषा तथा साहित्य | ओड़िया में एम.ए. (दो वर्ष)<br>ओड़िया में एम.फिल. (एक वर्ष)<br>ओड़िया में पी-एच.डी. |
| | | अंग्रेजी भाषा तथा साहित्य विभाग | ओड़िया में एम.ए. (दो वर्ष) |
| | | हिंदी विभाग | हिंदी में एम.ए. (दो वर्ष) |
| | | संस्कृत विभाग | संस्कृत में एम.ए. (दो वर्ष) |
| 02 | समाज विज्ञान विद्यापीठ | नृविज्ञान विभाग | नृविज्ञान में एम.एससी (दो वर्ष)<br>नृविज्ञान में एम.फिल (एक वर्ष)<br>नृविज्ञान में पी-एच.डी |
| | | समाजशास्त्र विभाग | समाजशास्त्र में एम.ए (दो वर्ष)<br>समाजशास्त्र में एम.फिल<br>समाजशास्त्र में पी-एच.डी |
| | | अर्थशास्त्र विभाग | अर्थशास्त्र में एम.एससी (दो वर्ष)<br>अर्थशास्त्र में एम.फिल (एक वर्ष)<br>अर्थशास्त्र में पी-एच.डी. |
| 03 | शिक्षा तथा शिक्षण तकनीकी विद्यापीठ | जनसंचार तथा पत्रकारिता विभाग | जनसंचार एवं पत्रकारिता में एम.ए (दो वर्ष)<br>जनसंचार एवं पत्रकारिता में एम. फिल (एक वर्ष)<br>जनसंचार एवं पत्रकारिता में पी-एच.डी |
| | | शिक्षक शिक्षा विभाग | शिक्षक शिक्षा में स्नातक (दो वर्ष)<br>शिक्षक शिक्षा में एम.फिल (एक वर्ष)<br>शिक्षक शिक्षा में पी-एच.डी |
| 04 | मौलिक विज्ञान और सूचना विज्ञान विद्यापीठ | गणित विज्ञान विभाग | पाँच एकीकृत वर्षीय गणित विज्ञान में एम.एससी (पाँच वर्ष) |
| | | कंप्यूटर विज्ञान विभाग | कंप्यूटर एप्लीकेशन में स्नातक (तीन वर्ष) |
| 05 | जैव विविधता तथा प्राकृतिक संसाधन संरक्षण विद्यापीठ | जैव विविधता तथा प्राकृतिक संसाधन विभाग | जैव विविधतामें एम.एससी (दो वर्ष)<br>जैव विविधतामें एम.फिल. (एक वर्ष)<br>जैव विविधतामें पी-एच.डी |
| 06 | वाणिज्य तथा प्रबंधन अध्ययन | व्यापार प्रबंधन विभाग | व्यापार प्रबंधन में मास्टर (दो वर्ष) |
| 07 | अनुप्रयुक्त विज्ञान विद्यापीठ | सांख्यिकी विभाग | सांख्यिकी में एम.एससी (दो वर्ष)<br>सांख्यिकी में एम.फिल (एक वर्ष)<br>सांख्यिकी में पी-एच.डी. |

बीसीएनआर – जैवविविधता और प्राकृतिक संसाधन संरक्षण

# शैक्षणिक कैलेण्डर (2019-2020)

| घटनाएँ | वर्षाकालीन सत्रांत | शीतकालीन सत्रांत |
|---|---|---|
| छुट्टी के बाद पुनः खोलने | **शिक्षकों के लिए :**15 जुलाई, 2019 (सोम)<br>**छात्रों के लिए :**15 जुलाई, 2019 (सोम) | **शिक्षकों के लिए :**06जनवरी, 2020(सोम)<br>**छात्रों के लिए :**06जनवरी, 2020(सोम) |
| पंजीकरण | 15 - 22जुलाई, 2019 (सोम - सोम)<br>(3,5, 7एवं 9 सेमेस्टर) | 6–13 जनवरी, 2020 (सोमवार से सोमवार)<br>(सभी सेमेस्टर) |
| विलम्ब शुल्क सहित पंजीकरण | 23 - 31जुलाई, 2019 (मंगल - बुध)<br>(3,5, 7एवं 9 सेमेस्टर) | 14–22 जनवरी, 2020 (मंगलवार से शुक्रवार)(सभी सेमेस्टर) |
| कक्षा शुरु | 15जुलाई, 2019 (सोम)<br>(3,5, 7एवं 9 सेमेस्टर)<br>(3rd ,5th , 7th& 9th Semester) | 6 जनवरी, 2020 (सोमवार)<br>(सभी सेमेस्टर) |
| पाठ्यक्रम जो / परिवर्तन के लिए अंतिम तिथि | 23 जुलाई 2019 (मंगल) | 14 जनवरी 2020 (मंगल) |
| पूरक / सुधार / विशेष पूरक परीक्षा के लिए आवेदन सहित निर्धारित शुल्क चालान के लिए अंतिम तिथि | 18 जुलाई, 2019 (वृहस्पतिवार)<br>(2/4 /6 /8 /10 सेमेस्टर के लिए) | 8 जनवरी, 2020 (बुध)<br>(1/3 /5 /7 /9सेमेस्टर के लिए) |
| पूरक / सुधार / विशेष पूरक परीक्षा | 19-25 जुलाई, 2019 (शुक्र - वृहस्पति)<br>(2/4 /6 /8 /10 सेमेस्टर के लिए) | 10 – 16 जनवरी, 2020 (शुक्र – वृहस्पति)<br>(1/3 /5 /7 /9सेमेस्टर के लिए) |
| पूरक / सुधार / विशेष पूरक परीक्षा परिणाम घोषणा | 22 जुलाई, 2019 (सोम) | 13 जनवरी, 2020 (सोम) |
| रिपिट परीक्षा के लिए निर्धारित शुल्क चालान सहित आवेदन की अंतिम तिथि | 30 जुलाई, 2019 (मंगल) | 21 जनवरी, 2020 (मंगल) |
| पूरक परीक्षा के परिणाम प्रकाशन के बाद योग्य छात्रों के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि | 2 अगस्त, 2019 (शुक्र) | 24 जनवरी, 2020 (शुक्र) |
| पहला मिड टर्म परीक्षा* | 13 – 20 अगस्त, 2019 (मंगल – मंगल) | 4 – 11 फरवरी, 2020 (मंगल – मंगल) |
| छात्र परिषद चुनाव ** | 6 सितम्बर, 2019 (शुक्र) | …… |
| स्थापना दिवस | 29 अगस्त, 2019 (वृहस्पति) | …… |
| दूसरा मिड टर्म परीक्षा* | 20 – 27 सितम्बर, 2019 (शुक्र – शुक्र) | 11 – 18 मार्च, 2020 (बुध – बुध) |
| मिड सेमेस्टर अवकाश | 30 सितम्बर – 11 अक्टूबर, 2019 (सोम – शुक्र) | …… |
| तीसरा मिड टर्म परीक्षा* | 7 – 14 नवम्बर, 2019 (वृहस्पति – वृहस्पति) | 1 – 8 अप्रैल, 2020 (बुध – बुध) |
| वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम ** | …….. | 10 अप्रैल, 2020 (शुक्र) |
| पाठ्यक्रम ड्रापिंग करने की अंतिम तिथि | 19 नवम्बर, 2019 (सोम) | 13 अप्रैल, 2020 (शुक्र) |
| वार्षिक खेल बैठक | 21 – 24 नवम्बर, 2019 (वृहस्पति – रवि) | …….. |
| कथाओं की अंतिम तिथि | 6 दिसम्बर, 2019 (शुक्र) | 1 मई, 2020 (शुक्र) |
| उपस्थिति शीट प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 6 दिसम्बर, 2019 (शुक्र) | 1 मई, 2020 (शुक्र) |
| अंतिम सेमेस्टर परीक्षा | 9 – 17 दिसम्बर, 2019 (सोम-मंगल) | 4 – 12 मई, 2020 (सोम – मंगल) |
